भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3073

09 अगस्त, 2024को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एकीकृत आयुष वेलनेस केंद्र

3073. श्री तापिर गाव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत के पहले एकीकृत आयुष वेलनेस केंद्र का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार देश भर में और अधिक एकीकृत आयुष वेलनेस केंद्र शुरू करने की योजना बना रही है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय आयुष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए गुवाहाटी के अज़ारा में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान के स्थायी परिसर में पहला एकीकृत आयुष आरोग्य केंद्र स्थापित कर रहा है।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, एकीकृत आयुष आरोग्य केंद्र की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र आता है। हालाँकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन द्वारा आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी),जिसका नाम बदलकर अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर- (आयुष) कर दिया गया है, के संचालन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से उनके राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार 12500 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) को स्वीकृति दी है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक 12121 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कार्यशील बनाए गए हैं।

*****